Global Investors Summit: समिट से प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश लाने का लक्ष्य

चर्चा में क्यों?

17 अगस्त, 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिसंबर में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर मुख्यमंत्री सलाहकार समूह बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समिट के लिये प्रदेश सरकार ने 2.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये समिट से पहले लगभग 25 हज़ार करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे पहाड़ों में रोज़गार के साधन बढ़ने से पलायन भी रुकेगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग लगाने वाले के लिये कई विभागों से अनुमति की फाइल रुकेगी नहीं। निवेशकों को सभी अनुमतियाँ देने के लिये समय-सीमा निर्धारित की जाएगी।
- बैठक में राज्य में औद्योगिक निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने, राज्य की आर्थिकी में वृद्धि के लिये कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। राज्य में निवेश बढ़ाने के लिये और क्या बेहतर प्रयास किये जा सकते हैं, इसके लिये औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों से सुझाव लिये गए।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में निवेश के लिये शांति व्यवस्था के साथ ही बेहतर मानव संसाधन भी उपलब्ध हैं। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि उन्हें जिन-जिन क्षेत्रों में दक्ष मानव संसाधन की ज़रूरत है, वह बताई जाए। सरकार की ओर से ऐसे क्षेत्रों में युवाओं को देने प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्थाएँ की जाएगी।
- सीएम ने कहा कि शीघ्र ही अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का काम शुरू होने वाला है। इस कॉरिडोर के बनने से उद्योगों को सुविधा मिलेगी।
- निर्यात को बढ़ावा देने के लिये स्टेट ऑफ आर्ट के रूप में इंटीग्रेटेड कंटेनर डिपो स्थापित किया गया है। सरकार ने लॉजिस्टिक्स नीति लागू की है। इससे आधारभूत ढाँचे के विकास में मदद मिलेगी।
- इन्वेस्टर्स समिट को लेकर निवेशकों ने कई सुझाव दिये, जिसमें निवेश के लिये लैंडबैंक बनाने, जड़ी-बूटी की खेती को बढ़ावा देने, राज्य में संचालित उद्योगों का सर्वे करने, उत्तराखंड में रिसर्च सेंटर बनाने, चिंतन व अध्यात्म के रूप में राज्य में निवेश की योजना पर काम करने का सुझाव दिया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-investors-summit-target-to-bring-investment-of-rs-2-5-lakh-crore-from-the-summit